सरस्वती साहित्य सम्मान... पृष्ठ 2 | बालोद जिला सेन समाज का अनोखा... पृष्ठ 3

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

गुरूवार, 26 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 135, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## विकसित भारत के संकल्प के साथ विकसित छत्तीसगढ़ की ओर तेजी से बढ़ रहा प्रदेश : व्यापार एवं उद्योग के लिए छत्तीसगढ़ में बना है अनुकूल माहौल - मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित बीटीआई मैदान में कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि के साथ-साथ व्यापार एवं उद्योग के लिए भी अनुकूल वातावरण बना है, जिसका परिणाम है कि व्यापारी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि राज्य में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का यह तीसरा वर्ष चल रहा है और दो वर्ष पूरे हो चुके हैं। पहले वर्ष प्रस्तुत बजट का थीम च्ज्ञानज्ज् था, जिसमें जी का अर्थ गरीब, वाय का अर्थ युवा, ए का अर्थ अन्नदाता किसान और एन का अर्थ नारी था तथा इन सभी वर्गों के विकास पर विशेष फोकस किया गया था। दूसरे वर्ष उसी विकास को गति देने के उद्देश्य से बजट का थीम च्गतिज्ज् रखा गया, जबकि इस वर्ष का बजट थीम च्संकल्पज्ज् है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मंत्र च्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासज्ज् की भावना को आत्मसात करते हुए तैयार किया गया है और पूरे प्रदेश के हित में है। उन्होंने बताया कि इस बजट में विशेष फोकस बस्तर और सरगुजा क्षेत्र पर किया गया है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र केरल राज्य से भी बड़ा क्षेत्र है और प्राकृतिक रूप से अत्यंत सुंदर है, जिसे धरती का स्वर्ग कहा जा सकता है, लेकिन चार दशक से अधिक समय तक नक्सलवाद के कारण यह क्षेत्र विकास से अछूता रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व तथा हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस के कारण नक्सलवाद अब अंतिम सांसें ले रहा है और छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने का संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में नक्सली सक्रिय थे, लेकिन विगत दो वर्षों में हमारे जवानों ने जिस तरह से नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है, उसमें कई बड़े माओवादी मारे गए हैं तथा बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इससे राज्य अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि माओवाद के कारण इन क्षेत्रों में समुचित विकास नहीं हो पाया था, जिसकी भरपाई के लिए अब सरकार इन क्षेत्रों के विकास पर विशेष फोकस कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि सरकार ने अबूझमाड़ और जगरगुंडा जैसे क्षेत्रों में एजुकेशन सिटी के लिए बजट में प्रावधान किया है। साथ ही क्षेत्र में कृषि को बढ़ावा देने और फॉरेस्ट प्रोड्यूस के वैल्यू एडिशन पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा दोनों संभागों में सैकड़ों प्रकार के वन उत्पाद उपलब्ध हैं, जिनका मूल्य संवर्धन कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए है और प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। राज्य का लगभग 44 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है। उन्होंने कहा कि च्एक पेड़ मां के नामज्ज् अभियान के अंतर्गत 7 करोड़ पेड़ लगाए गए हैं तथा उद्योग नीति के तहत काटे जाने वाले पेड़ों की भरपाई भी बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण से की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और उसी के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण भी आवश्यक है। इसके लिए राज्य सरकार ने विस्तृत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीएसडीपी दर को आने वाले पांच वर्षों में दोगुना करने तथा वर्ष 2047 तक राज्य का जीएसडीपी 75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। नई उद्योग नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और विभिन्न बड़े शहरों में आयोजित इन्वेस्ट मीट के माध्यम से अब तक प्रदेश को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से कई परियोजनाओं पर धरातल पर कार्य प्रारंभ हो चुका है।

## खाटूवाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुन महोत्सव के द्वितीय दिवस भव्य भजन संध्या

### सुप्रसिद्ध श्याम सेवक संजीव शर्मा की गूंजेगी सुमधुर वाणी, उदयाचल प्रांगण में सजा है भव्य श्याम दरबार



**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खाटूवाले श्याम प्रभु के महत्वपूर्ण उत्सवों में फागुन महोत्सव का विशेष स्थान है। फागुन शुक्ल एकादशी को अतुलित बलशाली तीन बाणधारी युवक बर्बरीक ने महाभारत के युद्ध के समय भगवान श्री कृष्ण को अपने शीश का दान देकर उनसे श्याम नाम प्राप्त किया था , श्याम प्रभु कलयुग में हारे के सहारे के नाम से पूजे जाते है। राजस्थान के खाटुधाम में फागुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारम्भ होने वाले उत्सव का मुख्य आकर्षण फागुन शुक्ल एकादशी तक भजन - कीर्तन तथा द्वादशी को श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ एवं भंडारा प्रसादी के साथ पूर्ण होता है। इसी फागुन माह के शुक्ल पक्ष में देश के कोने - कोने में स्थापित श्याम मंदिरों एवम अन्य नगर - ग्रामों में निवासरत श्याम प्रेमी अपने शहर - नगर में भजन - सत्संग के माध्यम से फागुन महोत्सव का आयोजन करते है। संस्कारधानी नगरी में श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा 30 वर्षो से श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत सुमधुर भजन - सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पिछले 24 वर्षो से अनेक श्रद्धालु भक्त माता - बहन तथा बंधु निशान लेकर खाटू धाम यात्रा पर जा रहे है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा इस वर्ष खाटू वाले श्याम प्रभु के फागुन महोत्सव पर चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम किए जाने की व्यापक तैयारिया की गई है। समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष फागुन महोत्सव के अवसर पर राजस्थान के खाटू श्याम प्रभु नगरी में 25वीं निशान यात्रा 16 फरवरी को 124 श्रद्धालु माता - बहने एवम बंधु निशान लेकर खाटु श्याम जी को समर्पित करके वापस लौट आए है। संस्कारधानी नगरी में 31वां फागुन महोत्सव फागुन शुक्ल नवमी 25 फरवरी से फागुन शुक्ल द्वादशी 28 फरवरी तक चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दुग्धाभिषेक, निशान यात्रा, भव्य भजन संध्या के साथ ही श्री श्याम ज्योति अखण्ड पाठ एवम भंडारा प्रसादी आयोजित किया जा रहा है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सचिव राहुल लोहिया, कोषाध्यक्ष कार्तिक अग्रवाल, श्याम महिला मंडल की आशा जयप्रकाश अग्रवाल, ऋचा सौरभ अग्रवाल के अनुसार खाटूधाम ( उदयाचल प्रांगण ) में आयोजित फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस 25 फरवरी को सुबह 10 बजे श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक हुआ जिसमें सैकड़ों माता - बहनों एवं बंधुओ ने लगभग 101 किलो दूध से बाबा का अभिषेक किया तथा श्याम नाम की मेंहदी 200 से अधिक माता बहनों ने लगवाई। दोपहर 05: 30 बजे उदयाचल से भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

## प्रज्ञा वैष्णव बनीं न्यायाधीश क्षेत्र में खुशी की लहर

### कोहलाटोला की बेटी प्रज्ञा वैष्णव के व्यवहार न्यायाधीश पद पर चयन होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** छुईखदान से लगे हुए इस शिक्षित ग्राम ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रज्ञा वैष्णव ने



व्यवहार न्यायाधीश की परीक्षा पास कर लिया है । प्रज्ञा वैष्णव स्वर्गीय गंगा दास वैष्णव की पोती एवं अधिवक्ता भरत दास वैष्णव की सुपुत्री हैं। उनके इस चयन से न केवल परिवार, बल्कि पूरे ग्राम और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। ग्रामवासियों का कहना है कि कोहलाटोला शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है और यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं।

**छेत्र का सबसे शिक्षित ग्राम कोहला टोला**

ग्राम कोहलाटोला को क्षेत्र का सबसे शिक्षित ग्राम माना जाता है। यहां से सैकड़ों लोग शिक्षक, पटवारी, आरआई, पंचायत सचिव, वकील, खाद्य निरीक्षक,डिप्टी कलेक्टर, प्राचार्य सहित विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब प्रज्ञा वैष्णव के न्यायाधीश बनने से गांव को एक नई पहचान मिली है। जो आने वाले समय छेत्र के छात्रों के लिए लिए ड्रीम बनेगी

**जिला वैष्णव समाज करेगा सम्मान**

इस उपलब्धि पर जिला वैष्णव समाज के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि समाज की बेटी ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। समाज द्वारा शीघ्र ही एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर प्रज्ञा वैष्णव को सम्मानित किया जाएगा।

**प्रेस क्लब ने दी बधाई**

प्रेस क्लब के सज्जाक खान सुदीप श्रीवास्तव दीपक देशमुख संजय शर्मा शैलेंद्र तिवारी नीलम वैष्णव महेंद्र सिंह अनिल यादव सन्नी महोबिया अंकित महोबिया विक्रम राजपूत दीनू यदु देवेश सोनी शैलेन्द्र तिवारी दीपक जैन ने उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है

प्रज्ञा वैष्णव की सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व और प्रेरणा का माहौल है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बनेगा और इस क्षेत्र के अत्यधिक छात्र छात्राएं अपनी रुचि को प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए प्रयत्न करेंगे।

प्रज्ञा वैष्णव ने बताया कि वे अपने पिता को वकालत करते देखकर न्यायधीश बनने की कल्पना की थी। जो आज साकार हो गया है।मै इसके लिए अपने माता पिता अपने ग्राम कोहला टोला छुईखदान को भी इसका श्रेय देना चाहूंगी ।




## न्याय शुल्क स्टाम्प व टिकट व्यवस्था पर अधिवक्ता संघ का विरोध, राज्यपाल से पुनर्विचार की मांग

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** अधिवक्ता संघ छुईखदान ने उप कोषालयों से न्याय शुल्क स्टाम्प एवं न्याय शुल्क टिकट विक्रय बंद करने के राज्य शासन के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में संघ ने माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर शासन के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। अधिवक्ता संघ ने पत्र में उल्लेख किया है कि संचालनालय कोष एवं लेखा, छत्तीसगढ़ द्वारा 11 फरवरी 2026 को जारी पत्र के अनुसार जिला कोषालयों से सुरक्षा की दृष्टि से स्टाम्प विक्रय बंद कर तहसील स्तर पर न्याय शुल्क स्टाम्प एवं टिकट की उपलब्धता समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के चलते अब तहसील स्तर के अर्जीनवीशों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को स्टाम्प एवं न्याय शुल्क टिकट प्राप्त करने के लिए जिला मुख्यालय पर निर्भर होना पड़ेगा। संघ का कहना है कि इससे वादकारियों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ के साथ-साथ समय की भी



अनावश्यक हानि होगी। साथ ही अधिवक्ताओं के कार्य में भी बाधा उत्पन्न होगी, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि तहसील स्तर पर यह सुविधा समाप्त की जाती है, तो अधिवक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आंदोलन के लिए विवश होना पड़ सकता है। अधिवक्ता संघ छुईखदान ने शासन से आग्रह किया है कि उक्त आदेश को वापस लेते हुए तहसील स्तर पर ही स्टाम्प, न्याय शुल्क स्टाम्प एवं न्याय शुल्क टिकट की व्यवस्था यथावत बनाए रखने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आम जनता और अधिवक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पत्र की प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, राजस्व मंत्री तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को भी भेजी गई है। पत्र पर दिनांक 25 फरवरी 2026 अंकित है और इसे अधिवक्ता संघ छुईखदान एवं समस्त अधिवक्ताओं की ओर से प्रेषित किया गया है।

## आसिफ अली डटे तो बचा लोकतंत्र 32 नाम विलोपन की साजिश विफल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के राजेंद्र प्रसाद वार्ड में 32 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने का प्रयास कांग्रेसजनों की सजगता से विफल हो गया। फार्म-7 के माध्यम से च्स्थायी रूप से स्थानांतरितज्ज् दर्शाकर मतदाताओं के नाम हटाने की



कोशिश की गई थी, जिसका तथ्यात्मक भंडाफोड़ कांग्रेसी नेता आसिफ अली द्वारा किया गया। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन उपरांत आसिफअली ने तहसीलदार से भेंट की। तहसीलदार द्वारा मतदाता सूची का अवलोकन कर स्पष्ट किया गया कि ज्ञापन में उल्लेखित सभी 32 नाम अंतिम मतदाता सूची में विधिवत दर्ज हैं। इस प्रकार यह सुनिश्चित हुआ कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम विलोपित नहीं हुआ है। आसिफअली ने तहसीलदार के प्रति निष्पक्ष जांच कर किसी भी मतदाता का नाम विलोपित न होने देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पारदर्शी कार्यवाही से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर आमजन का विश्वास मजबूत होता है। साथ ही आसिफअली ने इस पूरे प्रकरण में साथ खड़े रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेसजनों—पूर्व अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश डाकलिया, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान, अमित चंद्रवंशी, पार्षद छोटे लाल रामटेके एवं मण्डल अध्यक्षगण व अन्य उपस्थित कांग्रेसी नेताओं व समर्पित कार्यकर्ताओं—के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस पार्टी मताधिकार की रक्षा के लिए सदैव सजग रहेगी और भविष्य में भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के विरुद्ध आवाज बुलंद करती रहेगी।

## तुमडीबोड़ की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान



**तुमडीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)।** गांव के श्री मानसिंग यादव की पुत्री कु. भगवती यादव ने हेमचंद यादव विश्व विद्यालय , दुर्ग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव सहित राजनांदगांव जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कु. भगवती यादव अब छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कर्नाटका जाएंगी। यह पूरे गांव और जिले के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर भाजपा परिवार एवं भगत युवा संगठन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से तुमडीबोड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री जागेश्वर यादव, वरिष्ठ नेता श्री निवेदन साहू, पिछड़ा वर्ग जिला कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा, बूथ अध्यक्ष प्रभात साहू एवं मंडल महामंत्री टीकम पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कहा कि भगवती यादव की मेहनत और लगन से गांव की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नेशनल प्रतियोगिता में सफलता की कामना की।

## लक्ष्य को ध्यान में रखकर मेहनत करने से मिली सफलता - स्वाति पैकरा

अरविन्द तिवारी

**बिलासपुर (नांदगांव टाइम्स)।** जोनल पुलिस अधीक्षक कार्यालय विशेष शाखा , बिलासपुर में कार्यरत प्रधान आरक्षक (चालक) सतलोक साय पैकरा एवं माता श्रीमती मनप्यारी देवी पैकरा की पुत्री कुमारी स्वाति पैकरा का प्रथम प्रयास में ही सिविल जज (व्यवहार न्यायाधीश , कनिष्ठ श्रेणी परीक्षा-2024) के पद पर चयन हुआ है। उनके इस उपलब्धि पर अतिरिक्त पुलिस महनिदेशक अमित कुमार (गुप्तवार्ता) , बिलासपुर रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग , एसएसपी रजनेश सिंह , जोनल पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपमाला कश्यप , उप पुलिस अधीक्षक अजितेश सिंह सहित कार्यालय में पदस्थ समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान तीन बहनों में सबसे छोटी और बचपन से ही मेधावी छात्रा रही स्वाति ने विशेष चर्चा में अरविन्द तिवारी को बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लम्बा समय , अनिश्चितता और प्रतिस्पर्धा व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर कर सकती है। मैंने नियमित दिनचर्या , सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के माध्यम से इन चुनौतियों को पार किया। हर सफलता को सीख के रूप में लेते हुये अपने लक्ष्य पर फोकस बनाये रखा।





**प्रथम प्रयास में ही हुई सिविल जज में चयनित**

मेरी इस यात्रा की सबसे बड़ी चुनौती निरंतरता बनाये रखना और मानसिक दबाव को सम्हालना रही। उन्होंने बताया कि वे ग्राम - सूजीबहार , तहसील - कांसाबेल (जशपुर) की मूल निवासी है। इन्होने अपनी आठवीं तक की शिक्षा संत पॉल स्कूल तिफरा से और नवमीं से बारहवीं तक की पढ़ाई संत विंसेंट पलोटी हाईस्कूल मंगला बिलासपुर से पूरी की। उसके बाद इनकी कानून की पढ़ाई डी0पी0 विप्र पीजी लॉ कॉलेज अशोक नगर बिलासपुर से हुई है। अपनी ला की पढ़ाई के साथ - साथ इन्होंने हाईकोर्ट बिलासपुर और जिला न्यायालय में जाकर प्रशिक्षण किया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में माननीय राकेश सिंह सारी के मार्गदर्शन में काम किया , जिससे इन्हें विधिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके अलावा इन्होंने राजेंद्र राजपाल के निरंतर मार्गदर्शन में पढ़ाई की और सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी में प्रथम प्रयास में इस सफलता को हासिल किया। अपनी रणनीति के तीन मुख्य स्तम्भों के बारे में उन्होंने बताया कि सिलेबस की स्पष्ट समझ , नियमित पुनरावृत्ति और मॉक टेस्ट के साथ उत्तर लेखन अभ्यास था। इन्होंने बताया कि इनके द्वारा सीमित लेकिन प्रामाणिक पुस्तकों का चयन और बार-बार रिवीजन किया गया। साथ ही पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करना इनकी तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा था। अन्य अभ्यर्थी भी स्मार्ट स्टडी , समय प्रबंधन और आत्ममूल्यांकन की आदत अपनाकर लाभ उठा सकते हैं। स्वाति ने कहा कि उन्हें इस क्षेत्र में जाने की प्रेरणा अपने माता-पिता से मिली। इन्होंने असफलता को अंत नहीं , बल्कि सुधार का अवसर माना। इन्होंने अपने लक्ष्य को हमेशा याद रखा और यह विश्वास बनाये रखा कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। परिवार और मित्रों का समर्थन भी इनके लिये बड़ी प्रेरणा रहा। इसके अलावा नियमित व्यायाम और ध्यान ने इनकी मानसिक संतुलन बनाये रखने में मदद की। उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने हर परिस्थिति में उनका मनोबल बढ़ाया और उन्हें धैर्य रखने की प्रेरणा दी। शिक्षकों ने सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे उनकी तैयारी व्यवस्थित रही। साथियों के साथ चर्चा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ने उनकी समझ को और गहरा किया। अंत में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सफलता केवल मेरी नहीं , बल्कि उन सभी का सामूहिक प्रयास है।

## कलेक्टर ने विद्यार्थियों के बैंक खातों की आधार सीडिंग के लिए शिविर लगाने के दिए निर्देश

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नादगाव टाइम्स )।** कबीरधाम जिले के अंतर्गत समस्त शालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं



पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। जिला अंतर्गत राज्य छात्रवृत्ति के लिए पंजीकृत 61,776 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग किया जाएगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया है कि जिले के अंतर्गत संचालित समस्त बैंकों द्वारा विद्यालयों में शिविर आयोजित कर अध्ययनरत विद्यार्थियों के नि:शुल्क आधार-सीडेड खाते खोले जाएं। साथ ही जिन विद्यार्थियों के बैंक खातों में आधार सीडिंग नहीं है, उनके खातों की आधार सीडिंग कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि जिले के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

## साय सरकार का बजट पूरी तरह निराशाजनक - मदन साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष



मदन साहू ने प्रदेश सरकार के बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे बेहद निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट आम जनता, किसानों और युवाओं की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। श्री साहू ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार का आर्थिक प्रबंधन कमजोर रहा है जिसके चलते छत्तीसगढ़ कर्ज के बोझ से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के दौरान कई बड़ी गारंटियां दी थीं लेकिन उनमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं की गई है।

## जनता को भरमाने वाला है साय सरकार का बजट - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के



पूर्व जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का बजट पूरी तरह से जनता को भरमाने वाला है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि सरकार बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है और भारी-भरकम राशि स्वीकृत करती है लेकिन धरातल पर उसे खर्च करने में कंजूसी बरती जाती है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय पर और सही तरीके से राशि का उपयोग नहीं किया जा रहा है जो प्रदेश के विकास के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

## विकास, अधोसंरचना व सुशासन को नई मजबूती देता बजट : जैनम बैद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साय सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट



का स्वागत करते हुए भाजपा पार्षद जैनम बैद ने इसे विकासोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि बजट में गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर दिया गया विशेष फोकस प्रदेश तथा नगरीय निकायों के लिए सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। लोक निर्माण विभाग के लिए 9,451 करोड़ रुपए और जल जीवन मिशन हेतु 3,000 करोड़ रुपए का प्रावधान बुनियादी सुविधाओं के विस्तार व गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा कदम है।

## दृढ़ता बजट, बढ़ता कर्ज पर राजनांदगांव, किसान और युवा क्यों उपेक्षित? - विपिन यादव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन



यादव ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आकार और घोषणाओं में भले बड़ा दिखाई दे, लेकिन आम जनता की वास्तविक समस्याओं के समाधान में कमजोर साबित होता है। महंगाई, बेरोजगारी और आय असुरक्षा से जूझ रहे नागरिकों के लिए ठोस दिशा का अभाव साफदिखाई देता है। लगभग 3 प्रतिशत के आसपास अनुमानित राजकोषीय घाटा और लगातार बढ़ता कर्ज आने वाले वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था पर ब्याज का अतिरिक्त बोझ डालेगा। आय-व्यय संतुलन और वित्तीय अनुशासन की स्पष्ट रूपरेखा के बिना यह प्रवृत्ति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के दावों के बावजूद इस बजट में उत्पादन लागत घटाने, लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, सिंचाई विस्तार और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे ठोस एवं दीर्घकालिक कदमों का स्पष्ट खाका नहीं है। कृषि प्रधान राज्य में यदि किसान की आय में वास्तविक वृद्धि नहीं होगी, तो विकास के दावे खोखले सिद्ध होंगे। मध्यम वर्ग और युवा, जो राज्य की आर्थिक संरचना की आधारशिला हैं, उनके लिए भी बजट में स्पष्ट दिशा का अभाव है।

**शुभांक**

**2-6-9**

**250-7 489-1**

**भाग्यांक**

**266-4 170-8**


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)

**प्रथम संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना**

जी. क्रमांक-252606720

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक-22/13.02.2026, (सिस्टम नं.- 185586) एवं 23/13.02.2026, (सिस्टम नं.- 185588)/ ख.ले.लि./का.अ./ लो.स्वा.यां./ 2026 खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :-

| स.क्र. | निविदा क्र./ दिनांक सिस्टम टेंडर क्र. |
|---|---|
| 1 | 22/13.02.2026, सिस्टम नं.- 185586 के स्थान पर 22/16.02.2026, 185708 पढ़ा जावे |
| 2 | 23/13.02.2026, सिस्टम नं.- 185588 के स्थान पर 23/16.02.2026, 185711 पढ़ा जावे |

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक 18.02.2026 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 09.03.2026 सायं 5:30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है.

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)

जी-06859


# सरस्वती साहित्य सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

## विविध मंचीय प्रस्तुति व परिचर्चा सत्र से हुए श्रोता लाभान्वित, पत्रकार घनश्याम साव सहित सोलह अन्य साहित्यकार हुए सम्मानित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विमतारा सभागार रायपुर में सरस्वती बुक्स व श्री साईनाथ फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सरस्वती साहित्य सम्मान समारोह के अंतर्गत देश के वरिष्ठ साहित्यकार रुद्रनारायण पाणीग्राही को चतुर्थ सरस्वती साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। नेताजी आनंद सिंघानिया की पावन स्मृति में विगत सात वर्षों से विभिन्न साहित्यिक सम्मान प्रदान किए जा रहे हैं, इसी कड़ी में इस वर्ष सातवां साहित्य रत्न सम्मान युवा गीतकार भरत द्विवेदी को व प्रथम पत्रकारिता रत्न सम्मान सुप्रसिद्ध पत्रकार तृप्ति सोनी को प्रदान किया गया। मोहम्मद अज़ीम खान स्मृति प्रथम उर्दू साहित्य रत्न सम्मान युवा शायर इरफ़ानुद्दीन इरफ़ान ने अर्जित किया। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ साहित्यकार नर्मदा नरम व उर्दू अकादमी की पूर्व उपाध्यक्ष नजमा अज़ीम खान ने उपरोक्त सम्मानों के अंतर्गत सम्मानित होने वाली विभूतियों को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र, सम्मान चिन्ह व नगद धनराशि प्रदान कर उन्हें अलंकृत किया। उक्त सम्मानों के इतर प्रदेश के सोलह युवा उभरते साहित्यकारों मिनेश साहू, सौरभ आचार्य, डॉ. विभाषा मिश्रा, भावेश देशमुख, ज्ञानेश साहू, जीवन जायसवाल, अनीस अरमान, मुकेश सिंघानिया, ईश्वर साहू बंधी, मुकेश सिंघानिया, गौरव राठौर, सूरज प्रकाश डडसेना, गजेंद्र कुमार साहू, डॉ. शुभा मिश्रा कनक, डोंगरगांव के पत्रकार घनश्याम साव व निधि तिवारी नीति को भी सरस्वती नव लेखक सम्मान से अलंकृत किया गया। दो महत्वपूर्ण परिचर्चा सत्रों में सुप्रसिद्ध लेखक एवं इतिहासकार डॉ. परिवेश मिश्रा, पुरातत्वविद राहुल कुमार सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार राजीव रंजन प्रसाद



एवं वरिष्ठ लेखक शिवकुमार पाण्डेय ने बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के इतिहास संस्कृति व पर्यटन पर अपना सार्थक व्यक्तव्य प्रस्तुत किया. वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनिल द्विवेदी एवं युवा लेखिका डॉ. शुभा मिश्रा 'कनक' ने सूत्रधार के रूप में बेहद रोचक ढंग से सत्रों का संचालन किया। आमंत्रित वक्ताओं द्वारा प्रदत्त विभिन्न तथ्यात्मक जानकारियों ने श्रोताओं को आवाक करके रख दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ 'हुनर का मंच' के माध्यम से श्रेया चक्रवर्ती, खुमार निर्मल, मिनेश साहू, आकर्ष दीवान, नितेश ठाकुर, रंजीत सिंह, पुष्पराज केसरी, हेमंत साहू, गोपा शर्मा व सौरभ आचार्य की विविध काव्य, लोकगीत, गायन व श्लोक की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से हुआ। इस समारोह के आयोजक श्री साईनाथ फाउंडेशन के संस्थापक युवा लेखक एवं संस्कृतिकर्मी आशीष राज सिंघानिया सहित युवा कवि भावेश देशमुख व लोकप्रिय शायर हर्षराज हर्ष ने विविध सत्रों का सटीक संचालन किया। अंत में सरस्वती बुक्स के संचालक आकाश महेश्वरी ने शहर के तमाम साहित्यप्रेमियों, मीडियाकर्मियों व उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया व निरंतर ऐसे गुणवत्तायुक्त आयोजनों की श्रृंखला के संकल्प को दोहराया। समारोह में वरिष्ठ कवि मीर अली मीर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व लेखक भागवत जायसवाल, उप सचिव संस्कृति व पर्यटन रूचि शर्मा, अपर कलेक्टर अरुण वर्मा, नाचा - अमेरिका के संस्थापक गणेश कर, वरिष्ठ साहित्यकार अरुण कुमार निगम, वरिष्ठ लेखिका शकुंतला तरार, देश के लोकप्रिय गीतकर अमन अक्षर, जिला आबकारी अधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. एच पी सिन्हा, जनसम्पर्क अधिकारी आमना मीर, यूनिसेफ़ से सम्बद्ध खुशबू खुशरंग, लोक गायक प्रांजल सिंह राजपूत सहित अनेक गणमान्य लोगों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की तैयारी हेतु जिला कार्यशाला आयोजित

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की तैयारी को लेकर जिला स्तरीय




कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महाअभियान को सफल बनाने हेतु जिला भाजपा पूरी तरह सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व तथा जिला प्रशिक्षण महाअभियान टोली के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला संपन्न होगी। टोली के सदस्यों में महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव एवं सौरभ लुनिया, अश्वनी यादव, नंदकिशोर शर्मा, तोमन साहू एवं निशा योगी शामिल हैं। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की टीम को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यवस्थित, प्रभावी एवं सफल बनाया जा सके। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे— श्री यशवंत जैन - भाजपा प्रदेश महामंत्री, श्री अमित चिमनानी - भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, श्री भरत भमनानी - भाजपा प्रदेश आईटी सेल श्री हेमंत पाणिग्रही - भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक, श्रीमती संध्या परगनिया - बालोद जिला भाजपा प्रभारी, जिला भाजपा के सभी कार्यकर्ता इस प्रशिक्षण कार्यशाला को सफल बनाने के लिए पूर्णत: सक्रिय एवं समर्पित हैं।

## खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा में उठाया जल संसाधन विभाग का मुद्दा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के जनप्रिय एवं किसान हितैषी विधायक भोलाराम साहू ने आज विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े जल संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण विषय को मजबूती से सदन में उठाया।



उन्होंने क्षेत्र में प्रस्तावित एवं स्वीकृत सिंचाई कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति, वित्तीय प्रावधान एवं तकनीकी अनुमोदन में हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विधायक साहू ने सदन को अवगत कराया कि खुज्जी क्षेत्र के लिए प्रस्तावित 16 सिंचाई संबंधी कार्यों में से मात्र 1 कार्य को 4 करोड़ 9 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जबकि शेष 15 कार्य अभियंता स्तर पर लंबित हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब योजनाएं सभी आवश्यक प्रक्रियाओं से गुजर चुकी हैं, तो उन्हें विभागीय स्तर पर रोके रखने का क्या कारण है? उन्होंने कहा कि नहर लाइनिंग, माइनर एवं सब माइनर निर्माण, एनीकट, स्टॉपडैम तथा पाइपलाइन विस्तार जैसी योजनाएं सीधे तौर पर किसानों की सिंचाई सुविधा, फसल उत्पादन और आय वृद्धि से जुड़ी हुई हैं। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र कृषि प्रधान है, जहां अधिकांश किसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं। यदि सिंचाई परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति एवं बजट नहीं मिलेगा, तो किसानों को हर सीजन आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

विधायक साहू की प्रमुख मांगें: लंबित 15 कार्यों को तत्काल प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाए। तकनीकी परीक्षण एवं अनुमोदन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब रोका जाए। स्वीकृत कार्यों हेतु वित्तीय प्रावधान शीघ्र जारी कर टेंडर प्रक्रिया एवं कार्यादेश समयबद्ध पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। लंबित फाइलों के संबंध में जिम्मेदारी तय कर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। विधायक साहू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि एक कार्य को 4 करोड़ 9 लाख रुपये की स्वीकृति मिल सकती है, तो शेष योजनाओं को रोके रखना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या संसाधनों की कमी है या विभागीय लापरवाही, जिसके कारण 15 योजनाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं?

## साय सरकार का तीसरा बजट विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा

**गंडई ( नांदगांव टाइम्स )।** साय सरकार का तीसरा बजट



वित मंत्री माननीय ओ, पी, चौधरी द्वारा पेश किया गया यह बजट विकसित भारत 2047, की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ 2047, तक विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जैसे पहला बजट में G Y A N, दूसरा में G A T Iके तर्ज पर तीसरे बजट में S A N K A L P है जैसे स्, समावेशी विकास,, अंत्योदय,N, निवेश,k, कुशल मानव संसाधन,, अंत्योदय, लाइवलीहुड ,क्, पॉलिसी से परिणाम तक, पहुंचाने का लक्ष्य है, वित मंत्री जी ने 5, मुख्यमंत्री मिशन लांचकिया जा रहा जिसमें 1, ए आई मिशन 2, पर्यटन विकास मिशन,3, मुख्य मंत्री खेल मिशन,4, अधोसर्चना मिशन,5, मुख्य मंत्री स्टार्टर निपुण मिशन, इससे योजना बद्ध ढंग से विकास किया जाएगा, वैसे ही शिक्षा के क्षेत्र में नक्सलियों का गढ़ अब शिक्षा का गढ़ बनेगा, राज्य में कोई भी स्कूल भवन विहीन नहीं रहेगा स्वास्थ्य के क्षेत्र में 5लाख तक नि:शुल्क उपचार का प्रावधान है गांवों की दृष्टि से बस्तर विकास प्राधिकरण की राशि 50, करोड़ से बढ़ाकर 75, करोड़ किया गया है जिससे विकास में और गति आएगी वैसे ही ग्राम पंचायतों में विकास हेतु 50लाख तक की राशि का एजेंसी बनाया जाएगा, लड़कियों के 18, वर्ष होने पर 1, 50लाख की राशि प्रदान की जाएगी उक्त sankalp का सूत्र का बजट का स्वागत करता हु राज्य में विकास की गति में और तेजी आएगी भा , ज, पा, के वरिष्ठ नेता अश्वनी ताम्रकार का कथन है।

## सरकारी नौकरी लगानें के नाम पर ठगी मामलें में पांच शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार, भाजपा नेता फरार

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला अब कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है। मंगलवार को डोंगरगढ़ थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई। शिकायतकर्ताओं ने देवेंद्र कुमार गोरले तथा भिलाई निवासी भाजपा नेता जयप्रकाश यादव के खिलाफ लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसके आधार पर देर शाम पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 34 और 420 के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल एक आरोपी देवेंद्र कुमार गोरले को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि कथित मुख्य सरगना जयप्रकाश यादव अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस प्रकरण में अब तक पांच शिकायतकर्ता सामने आ चुके हैं। सभी का आरोप है कि शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपये वसूले गए। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पांच लोगों से कुल 11 लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज किया है। हालांकि, क्षेत्र में अब तक 53 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की आशंका जताई जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में ठगी की राशि और बढ़ सकती है।




जानिए, किन-किन से कितनी रकम ली गई- शिकायत के अनुसार आरोपियों द्वारा पांच पीड़ितों से 11 लाख रुपये मांगे गए थे। जिनमें धीरज साहू डोंगरगढ़ से 2 लाख रुपये, बसंत साहू पनियाजोब से 2 लाख 50 हजार रुपये, बृजभूषण सिन्हा डोंगरगढ़ 2 लाख रुपये, उमा भारती लिल्हारे इंदिरा नगर 1 लाख 50 हजार रुपये व शिव टेंभुरकर मुसरा से 3 लाख रुपये मांगा गया था। सभी से अलग-अलग समय पर नगद और ऑनलाइन माध्यम से राशि ली गई। अधिकांश मामलों में शासकीय विभागों में कम्प्यूटर ऑपरेटर या सहायक ग्रेड-3 जैसे पदों पर नियुक्ति का भरोसा दिया गया।

कैसे रचा गया ठगी का जाल- पीड़ितों के अनुसार देवेंद्र कुमार गोरले व जयप्रकाश यादव ने मंत्री स्तर तक पहुंच होने और गारंटी के साथ नौकरी लगवाने का दावा किया। भरोसा जीतने के लिए पहले परिचय बढ़ाया गया, फिर शासकीय नौकरी तय होने की बात कहकर अग्रिम राशि मांगी गई। कई मामलों में किस्तों में भुगतान कराया गया। न तो किसी को नियुक्ति पत्र मिला और न ही पूरी राशि वापस की गई। कुछ पीड़ितों को आंशिक रकम लौटाकर भरोसा बनाए रखने की कोशिश की गई। अब सामनें आ सकते है और भी शिकायतकर्ता- सूत्रों का कहना है कि सामाजिक दबाव और बदनामी के डर से कई अन्य पीड़ित अब तक सामने नहीं आए हैं। यदि वे भी शिकायत दर्ज कराते हैं तो ठगी की कुल राशि और बढ़ सकती है। डोंगरगढ़ पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है। फरार आरोपी की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान यदि अन्य नाम सामने आते हैं तो उनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में आक्रोश, कार्रवाई पर टिकी निगाहें- नौकरी का सपना दिखाकर लोगों की मेहनत की कमाई हड़पने के इस मामले ने पूरे डोंगरगढ़ क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना दिया है। आमजन अब पुलिस की आगे की कार्रवाई और फरार आरोपी की गिरफ्तारी का इंतजार कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच में इस कथित नेटवर्क की और कितनी परतें खुलती हैं तथा कितने और पीड़ित सामने आते हैं।

## संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने किया तांदुला डैम का शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला द्वारा 22 फरवरी 2026, रविवार को डीएलएड प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन



किया गया। भ्रमण के तहत विद्यार्थियों को तांदुला डैम, जिला बालोद ले जाया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा उनके बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना था। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने तांदुला डैम की संरचना, जल संग्रहण क्षमता तथा क्षेत्रीय कृषि एवं पेयजल आपूर्ति में इसकी भूमिका की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों एवं सहायक प्राध्यापकों ने भ्रमण में सहभागिता की। तांदुला डैम पहुंचकर विद्यार्थियों ने बांध की संरचना, जल संग्रहण प्रणाली और इसके क्षेत्रीय महत्व को करीब से समझा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी विकसित करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में समस्त प्रशिक्षणार्थी एवं सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## कैशलेस चिकित्सा, एवं स्कूल शिक्षा को सर्वाधिक बजट देने पर प्राचार्य श्री अनिल पाल ने जताया आभार

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्राचार्य संघ के प्रांतीय



संयोजक श्री अनिल शुक्ला जी के प्रयास से शासन ने अपने बजट में कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा को शामिल किया,कर्मचारी और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलना एक ऐतिहासिक कदम है, बजट में सर्वाधिक राशि स्कूल शिक्षा विभाग के लिए एवं खैरागढ़ जिला में नालंदा परिसर स्थापना किया जाना अति महत्वपूर्ण कदम है जिसका स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ प्राचार्य संगठन के श्री अनिल पाल प्राचार्य ने माननीय मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।


### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह अधिसूचित किया जाता है कि जिला विवाह अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) न्यायालय में आवेदक संजय वर्मा पिता खेमलाल वर्मा, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम- भोरमपुर थाना व तहसील- छुईखदान, जिला खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई (छ.ग.) एवं आवेदिका दीपसिखा मेश्राम पिता शिवकुमार मेश्राम, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम दपका, थाना व तहसील- खैरागढ़, जिला खैरागढ छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 (क्रमांक 4 सन् 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह का आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 06.03.2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा। आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.-202602291500000
शीर्ष-अ-6 वर्ष 2025-26
क्रमांक/1087/ वा. नजूल / 2026
खैरागढ़, दिनांक 20/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीश सिंगी पिता स्व. रमेश सिंगी निवासी वार्ड क्रमांक-08 तुरकारीपारा खैरागढ़ जिला-के0सी0जी0 द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला ईतवारीबाजार ब्लॉक नं-08 में स्थित भूखण्ड कमांक-379/3 क्षेत्रफल 1575 वर्गपूट भू-धारिका बिमला बाई पति रूपचंद सिंगी के नाम पर दर्ज है। भू-धारिका बिमला बाई पति रूपचंद सिंगी की मृत्यु दिनांक 25.01.2008 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर आवेदक / वैधवारिसान के नाम पर दर्ज किए जाने संबंधी नामांरतण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति /आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

### न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः जिला- राजनांदगाँव तहसील-राजनांदगांव प.ह.न.-00038 कौरिनभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526420536700066

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम कौरिनभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी मेहल ना.बा. पिता/पति-मुकेश पता-सा 0 राजनांदगांव, नैना ना.बा. पिता/पति-मुकेश पता-, प्रियंका पिता/पति-मुकेश पता, पुष्पा पिता/पति-मुकेश पता-सा0राजनांदगांव, मोनिका पिता/पति-मुकेश पता-सा 0 राजनांदगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 517/1 (0.3320) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोनिका पिता/पति-स्व. मुकेश पता-, पुष्पा पिता/पति-मुकेश पता-, नैना जैन पिता/पति-स्व मुकेश जैन पता-, प्रियंका पिता/पति-मुकेश पता-, मेहुल जैन पिता/पति-स्व.मुकेश जैन पता के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/03/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त गावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील

**तहसीलदार:** PYARELAL NAG
**तहसील राजनांदगांव**

nandgaon times feb-26-4.qxd 2/26/2026 12:02 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) विश्व का एकमात्र कौन-सा महाद्वीप जिससे कर्क रेखा, मकर रेखा और भूमध्यरेखा गुजरती है?*
*2) गुजरात के किस जिले को जारोसाइट जमा होने के कारण मंगल ग्रह जैसा स्थल माना गया है?*
*3) कैमल इंटरनेशनल अवार्ड 2025 जीतने वाले यूनुस अहमद भारत के किस राज्य से हैं?*
*4) सिया-सिया जनजाति किस देश की मूल जनजाति है?*
*5) हाल ही में खबरों में रही येलो-क्रेस्टेड काकाटू पक्षी प्राकृतिक रूप से किस क्षेत्र की प्रजाति है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) अफ्रीका (2) कच्छ (3) केरल (4) इंडोनेशिया (5) इंडोनेशिया और ईस्ट तिमोर

## बड़ा बजट, कमजोर प्राथमिकताएं — गांव, किसान और युवा फिर हाशिये पर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य बजट को जमीनी हकीकत से कटा हुआ बताया है। उन्होंने कहा कि बजट का आकार बढ़ा देना विकास का प्रमाण नहीं होता, असली कसौटी यह है कि प्राथमिकताएं किसके हित में तय की गई हैं। यह बजट आंकड़ों में बड़ा जरूर है, लेकिन आमजन की वास्तविक जरूरतों को पर्याप्त स्थान नहीं देता। प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, फिर भी किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और सिंचाई विस्तार के स्पष्ट व ठोस लक्ष्य सामने नहीं रखे गए।



## सभी वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया आम जनता का बजट - विनोद श्रीरंगे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में जारी किये गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी भाजपा कार्यकर्ता विनोद श्रीरंगे ने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के सपने को छत्तीसगढ़ में साकार करने के लिए कृतसंकल्पित है। इस बजट में किसान, युवा, महिलाएं, आदिवासी के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति साथ-साथ ह्क्रष्ट वर्ग के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग समाज की रीढ़ हैं, और उनकी प्रगति से ही प्रदेश मजबूत होगा।



## विधानसभा बजट में छत्तीसगढ़ की शिक्षा में होगा नवाचार रोजगार व स्वरोजगार के मिलेंगे अवसर - जीत प्रजापति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों व युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक जीत प्रजापति ने बताया कि यह बजट केवल एक बजट नहीं बल्कि प्रदेश के युवाओं को शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के दिशा में सशक्त बनाने हेतु एक सकारात्मक व सराहनीय कदम है प्रदेश में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के स्थापना से छत्तीसगढ़ के लाखों विद्यार्थियों को बेहतर और सस्ती शिक्ष प्राप्त हो रही है। जिससे विद्यार्थियों को अन्य राज्यों में पढ़ाई करने जाने की आवश्यकता नहीं पड़ पड़ेगी। इस बजट में प्रदेश के युवाओं के लिए तकनीकी शैक्षणिक संस्थाओं के उन्नयन, व नए आईटीआई कौशल विकास केंद्रों की स्थापना व प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे पीएससी, यूपीएससी,की शिक्षा प्राप्त करने व तैयारी करने हेतु सहायता योजनाओं तथा स्टार्टअप व नवाचार को प्रोत्साहन देने के प्रावधान शामिल किया गया हैं।



# बालोद जिला सेन समाज का अनोखा प्रयास - महिलाओं को मिला सशक्त नेतृत्व का अवसर, देवरी ब्लॉक में महिला प्रकोष्ठ का चुनाव और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** सेन समाज बालोद ने एक बार फिर समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में नई मिसाल पेश की है। जिले के आठ ब्लॉकों में से अब तक छह ब्लॉकों — बालोद, गुंडरदेही, दल्लीराजहरा, गुरूर, अर्जुन्दा और अब देवरी — में महिला प्रकोष्ठ का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। इसी क्रम में आज देवरी ब्लॉक सेन समाज द्वारा नर्मदा धाम, देवरी में महिला प्रकोष्ठ का ब्लॉक चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन समाज की महिला शक्ति को संगठित कर उन्हें नेतृत्व के नए मंच प्रदान करने का प्रतीक बन गया। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिला अध्यक्ष श्री संतोष कौशिक, जबकि अध्यक्षता का दायित्व निभाया ब्लॉक अध्यक्ष श्री जितेंद्र श्रीवास ने*। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी गण — जिला उपाध्यक्ष श्री लोकेश कौशिक, जिला सहसचिव श्री धनीराम कौशिक, संगठन मंत्री श्री संतोष श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी श्री उमेश कुमार सेन, जिला सदस्य श्री टुमन कौशिक एवं श्री ओमप्रकाश कौशिक, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती भीमेश्वरी शांडिल्य, अर्जुन्दा ब्लॉक अध्यक्ष श्री अशोक भारद्वाज, सचिव श्री दीपेन्द्र भारद्वाज, कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश कौशिक और



सहसचिव श्री संतोष श्रीवास — की विशेष उपस्थिति रही।

**महिला नेतृत्व की नई पहचान — निर्वाचित पदाधिकारी**

अध्यक्ष - श्रीमती पुष्पा सेन (घीना), समाज में वर्षों से सक्रिय पुष्पा सेन ने कहा कि वे महिलाओं को शिक्षा, स्वरोजगार और संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगी। उपाध्यक्ष - श्रीमती जागेश्वरी कौशिक (सुरसुली) उन्होंने कहा कि समाज की महिलाएं आत्मनिर्भर और निर्णय क्षमता वाली बनें, यही उनका संकल्प है। सचिव - श्रीमती दीपेश्वरी भारद्वाज (अन्नुटोला) उन्होंने कहा कि वे समाज में शिक्षा और एकता के संदेश को हर घर तक पहुंचाएंगी। कोषाध्यक्ष - श्रीमती लुकेश्वरी कौशिक (कुआगांव) उन्होंने कहा कि वित्तीय पारदर्शिता और महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण पर उनका विशेष ध्यान रहेगा। सहसचिव - श्रीमती सकुन सेन (घीना) उन्होंने समाज की परंपराओं और संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ने का संकल्प लिया। इन पदाधिकारियों के साथ देवरी ब्लॉक की महिला टीम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि सेन समाज अब केवल पुरुषों का संगठन नहीं, बल्कि म10हला-पुरुष समान भागीदारी का जीवंत उदाहरण बन चुका है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम वक्ताओं ने कहा कि सेन समाज का यह प्रयास समाज में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम है। महिला प्रकोष्ठ के गठन से समाज की गतिविधियों में नई ऊर्जा और नये नेतृत्व की सोच का संचार हुआ है। अब समाज की महिलाएं शिक्षा, संस्कृति, संगठन और सेवा कार्यों में सक्रिय नेतृत्व की भूमिका निभाने को तत्पर हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शपथ, राष्ट्रगान, और सेन समाज के उत्थान के संकल्प के साथ हुआ।

## 1.72 लाख करोड़ का विकास संकल्प बजट उद्योगों को नई रफ्तार, 23 नए औद्योगिक पार्कों का ऐलान - आलोक बिंदल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा 24 फरवरी 2026 को विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस बजट में उद्योग, कृषि, आधारभूत संरचना और क्षेत्रीय संतुलन पर विशेष फोकस किया गया है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे प्रदेश के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। वर्ष 2026-27 के बजट में उद्योग क्षेत्र के लिए प्रावधान को तीन गुना बढ़ाकर 775 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह वृद्धि राज्य में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। बजट की प्रमुख घोषणाएं इस प्रकार हैं प्रदेश में 23 नए औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। उद्योगों को अनुदान के लिए 750 करोड़ रुपये का प्रावधान। बस्तर और रायपुर-राजनांदगांव क्षेत्र में आधुनिक इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण। इन प्रावधानों से न केवल बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लघु और मध्यम उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी। आलोक बिंदल ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही सरकार मिलकर छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में आधारभूत संरचनाओं का विकास तेज होगा, सड़क, बिजली और जल जैसी सुविधाओं में सुधार आएगा तथा कृषि और उद्योग क्षेत्र में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी। बजट में कृषि क्षेत्र और ग्रामीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इससे किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही आधारभूत संरचना के विकास से निवेश का वातावरण बेहतर होगा और प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आलोक बिंदल ने कहा कि 1.72 लाख करोड़ रुपये का यह बजट छत्तीसगढ़ को औद्योगिक, कृषि और आधारभूत विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला साबित होगा।



## अवैध शराब बिक्री पर करारा प्रहार कबीरधाम पुलिस की लगातार कार्रवाई

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में सभी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में दिनांक 24.02.2026 को थाना स. लोहारा पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शांति नगर, सहसपुर लोहारा मेन रोड किनारे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बस के माध्यम से बिक्री हेतु ले जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम इमरान खान पिता समशेर अली उम्र 53 वर्ष निवासी रक्से थाना स. लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) बताया। आरोपी के कब्जे से एक पीले-लाल रंग के थैले में रखी 36 पौवा देशी मंदिरा प्लेन मदिरा प्रत्येक शीशी 180 एमएल भरी हुई शीलबंद अवस्था में कुल मात्रा 6.480 बल्क लीटर अनुमानित कीमत 2,880 रुपये जप्त की गई। आरोपी द्वारा शराब बिक्री हेतु परिवहन किया जाना पाया गया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने से मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई। जप्त सामग्री सहित आरोपी के विरुद्ध थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 22/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को दिनांक 25.02.2026 को माननीय न्यायालय कवर्धा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में विवेचना जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष मिश्रा, सउनि संदीप चौबे, सउनि बलदाउ भट्ट, आरक्षक क्रमांक 47, 711 एवं चालक आरक्षक 834 का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।



## शाखकर्तन से हरियाली की रक्षा, संग्राहकों से वन संरक्षण की मजबूत साझेदारी

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** वन संरक्षण, ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक सशक्त और प्रेरक पहल के रूप में आज तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला एवं संग्राहक सम्मेलन का आयोजन मंगचुवा वनपरिक्षेत्र, लोहारा में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संग्राहकों को आग लगाकर पत्ते प्राप्त करने की परंपरागत पद्धति से हटाकर शाखकर्तन विधि के प्रति प्रशिक्षित करना रहा, ताकि बेहतर गुणवत्ता के तेंदूपत्ते प्राप्त हों और वनाग्नि की घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात जिला यूनियन बालोद के उपप्रबंध संचालक द्वारा शाखकर्तन कार्यशाला के अंतर्गत बूटा कटाई की प्रक्रिया, औजारों के उपयोग, सही तकनीक और सुरक्षित संग्रहण से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। संग्राहकों को बताया गया कि वैज्ञानिक पद्धति से की गई शाखकर्तन न केवल उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाती है, बल्कि जंगलों की प्राकृतिक संरचना और जैव विविधता को भी सुरक्षित रखती है। कार्यक्रम को दिशा देने में वनमंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल (डीएफ्ओ) की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही। उनके मार्गदर्शन में संग्राहक कार्ड, नए संग्राहकों के सर्वे, तथा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं—जैसे छात्रवृत्ति और बीमा—की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वन विभाग का लक्ष्य केवल वनोपज संग्रह नहीं, बल्कि संग्राहकों की सुरक्षा, समृद्धि और सतत विकास है। उनके नेतृत्व में वन संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की मजबूत पहल देखने को मिली। संग्राहकों को धूप से बचाव के लिए टोपी का वितरण भी किया गया।



**स्वास्थ्य सुरक्षा की मजबूत पहल**

कार्यक्रम के दौरान नि:शुल्क फाइलेरिया उपचार दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संग्राहकों और ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग और वन विभाग के समन्वय से हुए इस प्रयास में रोग की रोकथाम, समय पर उपचार और जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। लोगों को फाइलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय और नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुरक्षा को नई मजबूती मिली। वनाग्नि रोकथाम पर विशेष सत्र में आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई और समुदाय आधारित वन संरक्षण मॉडल को मजबूत करने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही जल संरक्षणङ्कजन भागीदारी अभियान के अंतर्गत कम लागत में सोख्ता (जल निकासी एवं भू-जल पुनर्भरण हेतु गड्ढा) निर्माण की विधि का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया।

## स्टेशनपारा में दो दिवसीय फाग महोत्सव 28 फरवरी से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्टेशनपारा स्थित नवयुग दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में 28 फरवरी और 1 मार्च 2026 को दो दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है। आयोजकों के अनुसार, महोत्सव का विषय श्री राधाकृष्ण जी पर आधारित रहेगा। दो दिनों तक भक्ति, सांस्कृतिक और रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। महोत्सव में मंच पर प्रस्तुति देने वाली प्रत्येक मंडली को 1501 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

**28 फरवरी को होगा शुभारंभ**

महोत्सव का शुभारंभ 28 फरवरी (शनिवार) को होगा। कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े पदाधिकारी मुख्य अतिथि, अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**1 मार्च को समापन समारोह**

समापन समारोह 1 मार्च (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव का समापन होगा। आयोजन समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फाग महोत्सव में शामिल होने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## धर्म समाचार....

## घर के मुख्य द्वार पर आज ही लगाएं 4 पौधे, रातों-रात बदल सकती है आपकी किस्मत




वास्तु शास्त्र में घर के मुख्य द्वार से जुड़े कई खास नियम के बारे में बताया गया है, जिनका पालन करने से घर में सुख-शांति का वास होता है और धन की देवी मां लक्ष्मी का आगमन होता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के मुख्य द्वार पर कुछ पौधों को लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है और सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। अगर आप भी सुख-समृद्धि में वृद्धि चाहते हैं, तो घर के मुख्य द्वार पर शुभ पौधे जरूर लगाएं। इस आर्टिकल में उन पौधों के बारे में बताया गया है, जिन्हें लगाने से शुभ फल की प्राप्ति होगी।

**तुलसी**- धार्मिक मान्यता के अनुसार, घर के मुख्य पर तुलसी का पौधा लगाने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और धन लाभ के योग बनते हैं। साथ ही घर में मां लक्ष्मी का आगमन होता है। इस पौधे को उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना जाता है। पौधे के पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि मां लक्ष्मी का वास सफाई वाली जगह पर ही होता है।

**शमी का पौधा**- इसके अलावा घर में मुख्य द्वार पर शमी का पौधा लगाना शुभ माना जाता है। इस पौधे का संबंध शनि देव और भगवान शिव से माना जाता है। पौधे को घर के मुख्य द्वार पर लगाकर रोजाना उसकी पूजा-अर्चना करें। वास्तु के अनुसार, इस उपाय को करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी। साथ ही घर में सुख-शांति का वास होगा।

**मनी प्लांट**- वास्तु के अनुसार, घर के मुख्य द्वार पर मनी प्लांट लगाने से आर्थिक तंगी को दूर होती है और धन लाभ के योग बनते हैं। इस पौधे को दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इससे मानसिक तनाव की समस्या से मुक्ति मिलती है।

**जेड प्लांट**- इसके अलावा घर के मुख्य द्वार पर जेड प्लांट को लगाना शुभ माना जाता है। इसको घर के मुख्य द्वार लगाने से धन, सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा में अधिक वृद्धि होती है। जेड प्लांट को घर की दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए।

### शनिदेव की कृपा से इन राशियों का करियर हमेशा रहता है बुलंद

सनातन धर्म में शनिवार का दिन न्याय के देवता शनिदेव को समर्पित होता है। इस दिन शनिदेव और हनुमान जी की पूजा की जाती है। शनिवार के दिन हनुमान जी की पूजा करने से कुंडली में शनि मजबूत होता है। शनि देव की कृपा बरसने से जातक को जीवन के सभी क्षेत्रों में मनमुताबिक सफलता मिलती है। ज्योतिष करियर और कारोबार में सफलता और कष्टों से मुक्ति पाने के लिए कुंडली में शनि ग्रह मजबूत करने की सलाह देते हैं। भगवान शिव की पूजा करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं। आइए, शनिदेव की प्रिय राशियों के बारे में जानते हैं-




**शनिदेव**- ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली में शनि मजबूत होने से जातक को जीवन के सभी क्षेत्रों में विशेष सफलता पाते हैं। अपने जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करता है। अल्प समय में ही व्यक्ति सफल हो जाता है। वहीं, कमजोर शनि के चलते व्यक्ति को करियर और कारोबार में ढेर सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर, शनि की साढ़ेसाती में व्यक्ति अर्श से फर्श पर आ जाता है। हालांकि, अच्छे कर्म करने वालों पर शनिदेव विशेष कृपा बरसाते हैं।

**लकी राशियां**-ग्रहों के राजकुमार शनिदेव मकर और कुंभ राशि के स्वामी हैं। वहीं, इन दो राशियों के आराध्य भगवान शिव हैं। मकर और कुंभ राशि के लिए शुभ रंग आसमानी है। तुला राशि में न्याय के देवता शनिदेव उच्च होते हैं। इसके लिए तुला राशि के जातकों को हमेशा शुभ फल देते हैं। शनिदेव की कृपा से तुला राशि के जातक सभी क्षेत्रों में विशेष सफलता पाते हैं। वहीं, मकर और कुंभ राशि के जातक बिजनेस में उत्तम प्रदर्शन करते हैं। मकर और कुंभ राशि के जातक हर सोमवार और शनिवार के दिन भगवान शिव की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय काले तिल मिश्रित गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करें। साथ ही शनिवार के दिन काले तिल का दान करें।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# विकसित छत्तीसगढ़ का रोडमैप है बजट - डॉ रमन सिंह

## राजनांदगांव को लगभग 1000 करोड़ की सौगात


**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव को वर्ष 2026-27 के प्रदेश बजट में विकास की बड़ी सौगातें मिली हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के बजट में जिले के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये के प्रावधान किए गए हैं, जिससे शिक्षा, खेल, अधोसंरचना, जल संरक्षण और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को नई गति मिलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बजट को च्विकसित छत्तीसगढ़ का रोडमैपज्ज् बताते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का परिचायक है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत इस बजट की थीम च्संकल्पज्ज् रखी गई है, जिसमें समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश और कुशल मानव संसाधन को प्राथमिकता दी गई है।

### जीवनदायिनी शिवनाथ के संरक्षण पर विशेष फोकस

जिले की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए लगभग 250 करोड़ रुपये के अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 20 करोड़, स्कूल शिक्षा विभाग में 20 करोड़, नगरीय प्रशासन में 60 करोड़ तथा लोक निर्माण विभाग में लगभग 200 करोड़ रुपये के विकास कार्य शामिल किए गए हैं।

### तहसील कार्यालय होगा मॉर्डन,



**शिवनाथ संरक्षण से खेल, शिक्षा और अधोसंरचना तक विकास का व्यापक खाका**

### स्कूलों-कॉलेजों को मजबूती

राजनांदगांव तहसील कार्यालय को मॉर्डन रूप देने के लिए 5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिला कार्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण (1 करोड़), उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ (80 लाख), पीडब्ल्यूडी स्टाफ क्वार्टर (1.20 करोड़) और जिला न्यायालय स्टाफ क्वार्टर (5 करोड़) के लिए भी राशि निर्धारित की गई है।

शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम रानीतराई, धामनसरा, गोड़लवाही एवं लालबहादुर नगर बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के उन्नयन हेतु 75-75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी के लिए 4.65 करोड़, आवासीय महाविद्यालय राजनांदगांव हेतु 10 करोड़ तथा दिग्विजय कॉलेज पेण्ड्री छात्रावास के लिए 60 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

### खेल सुविधाओं को नई उड़ान

हॉकी स्टेडियम में टर्फ रिप्लेसमेंट, विद्युतीकरण एवं फ्लड लाइट के लिए 8.80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। दिग्विजय स्टेडियम में इंडोर बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार हेतु 6 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### रानीसागर-बूढ़ासागर का पुनर्विकास, सड़क और भवन निर्माण

ऐतिहासिक रानी सागर एवं बूढ़ासागर के पुनर्विकास के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। गौरीनगर रेलवे क्रॉसिंग से सरकारी प्रेस तक सड़क चौड़ीकरण हेतु 11 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। वर्ष 2026-27 में अधोसंरचना को सशक्त बनाने के लिए 3 नए भवन निर्माण कार्यों पर लगभग 10.21 करोड़ और 24 नई सड़कों के निर्माण के लिए 8.81 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है।

# शहर के प्रमुख मार्गो में साफ सफाई का आयुक्त ने लिया जायजा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साफ सफाई का जायजा लेने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे है। अलग अलग क्षेत्रों में जाकर रोज सफाई देख साफसफाई में जोर देने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करने के साथ साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने तथा नागरिको को स्वच्छता से जोडने स्वास्थ्य अमला को निर्देश दे रहे है। आज उनके द्वारा शहर के प्रमुख मार्ग सहदेव नगर रोड, मानव मंदिर चौक, पोस्ट आफिस चौक, रेल्वे स्टेशन रोड में साफ सफाई का जायजा लेकर बाबा फतेहसिंह हाल में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान रोड में पाली पापर बिखरा देख संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने कहा। आयुक्त विश्वकर्मा आज सुबह आर.के.नगर व सहदेव नगर रोड में साफसफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से चर्चा कर नाली अंदर तक साफकर कचरा निकालने तथा प्रभारी से उठवाने के लिये कहा। मानव मंदिर चौक में दुकाने खुलने से पहले सफाई करने, आवागमन बाधित स्थल से फल दुकान हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड प्रभारी से कहा कि सफाई के अलावा अतिक्रमण करने या मटेरियल रखने वालों को समझाईस देवे अपालन पर कार्यवाही करे। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर नागरिको को अपने घर के आस पास साफसफाई रखने, फिटबैक लेने के निर्देश दिए। आयुक्त ने आर.के.नगर रोड की स्ट्रीट लाईट बंद करने का समय परिवर्तन कर 6 बजे बंद कराने विद्युत प्रभारी को निर्देशित किए। इसी प्रकार सहदेव नगर रोड में बाबा फतेहसिंह हाल के पास पाली पापर बिखरे देख संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि फतेहसिंह हाल के अलावा अन्य मांगलिक भवनों के संचालको को साफसफाई रखने, बरात के दौरान सडक में पाली पापर व कचरा नही बिखराने समझाईस देवे अपालन पर कार्यवाही करे। पोस्ट आफिस चौक, रेल्वे स्टेशन रोड में साफ सफाई का जायजा लेकर पोस्ट आफिस के सामने, फ्लाई ओव्हर के नीचे, झाकी खडी रहने के कारण गंदगी पर संबधित से हटवाने के निर्देश दिए।

# होली से पहले सख्ती : राजनांदगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 60 से अधिक पुलिस बल के साथ सघन कांबिंग गश्त, 40 से ज्यादा असामाजिक तत्वों की जांच





**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स ) ।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से राजनांदगांव पुलिस एक्शन मोड में नजर आई। जिले में व्यापक स्तर पर विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया, जिसमें 60 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान 40 से अधिक असामाजिक तत्वों की जांच कर आवश्यक समझाइश और वैधानिक कार्रवाई की गई।

यह विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन, श्री अलेक्जेंडर किरो एवं एसडीओपी डोंगरगांव श्रीमती मंजू लता बाज के पर्यवेक्षण में संचालित हुआ। अभियान के तहत थाना कोतवाली, बसंतपुर, डोंगरगांव एवं चौकी चिखली क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने अड्डेबाज़ी स्थलों, आउटर इलाकों और शहरी क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश और अन्य असामाजिक तत्वों के घरों तक पहुंचकर सत्यापन किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की भी बारीकी से चेकिंग की गई। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की हुड़दंग या कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजनांदगांव पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि होली पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया है।

# गिरौदपुरी धाम तीर्थ यात्रा के लिए 24 बसों को श्वेत झंडी दिखाई गई

## 1500 श्रद्धालु हुए रवाना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामाजिक समरसता और आस्था के प्रतीक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की पावन जन्मस्थल गिरौदपुरी धाम के दर्शन हेतु जिला भाजपा कार्यालय से भव्य तीर्थ यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के लिए 24 बसों में लगभग 1500 श्रद्धालु सामाजिक बंधु रवाना हुए। ज्ञात हो की इसी समय में गिरौदपुरी में भव्य रूप से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें यह सभी श्रद्धालु शामिल हो सके। इस तीर्थ स्थल के विकास और निर्माण का श्रेय प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जाता है। उनके सौजन्य से गिरौदपुरी धाम को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया तथा सामाजिक बंधुओं को पुण्यभूमि के दर्शन हेतु सुव्यवस्थित तीर्थ यात्रा की व्यवस्था प्रारंभ की गई जिसका लाभ हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष प्राप्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कुतुब मीनार से भी ऊंचे जैतखाम के निर्माण के लिए सामाजिक बंधुओं ने डॉ. रमन सिंह के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। बसों को जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने श्वेत झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय राय, महामंत्री योगेश बंजारे, दादू राम सोनकर, रवि सिन्हा, सुमित भाटिया, तरुण लहरवानी, चिंटू सोनकर, पार्षद श्रीमती केवरा राय, खेमिन यादव, मणिभास्कर गुप्ता, कमलेश प्रजापति, अरुण शुक्ला सहित अन्य सामाजिक एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गिरौदपुरी धाम केवल एक तीर्थ स्थल नहीं बल्कि सामाजिक जागृति समरसता और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यह यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है जिससे समाज के अधिक से अधिक लोग इस पुण्य अवसर का लाभ लेकर स्वयं को धन्य कर सकें। अंत में सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं।




# 25 करोड़ में 25 कॉलेज की घोषणा युवाओं के साथ मजाक : शुभम शुक्ला

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स ) ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव आईटी सेल के लोकसभा अध्यक्ष शुभम शुक्ला ने छत्तीसगढ़ सरकार के हालिया बजट को शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चे पर निराशाजनक बताया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने 25 करोड़ रुपये में 25 नए कॉलेज खोलने की घोषणा को अव्यावहारिक करार देते हुए कहा कि मात्र 1 करोड़ रुपये में किसी कॉलेज की इमारत, लैब और लाइब्रेरी जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित करना संभव नहीं है। उनके अनुसार यह युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जबकि पुराने कॉलेजों की जर्जर स्थिति और शिक्षकों की कमी को दूर करने पर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया गया है।शुक्ला ने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए दावा किया कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों के 1290 पद रिक्त हैं और सीनियर रेजिडेंट्स के बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी दूर किए बिना केवल नए प्रोजेक्ट्स की घोषणा करना जनता को गुमराह करने जैसा है। ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाल स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने बजट को केवल आंकड़ों का खेल बताया।



**स्वास्थ्य बजट पर भी उठाए सवाल, मेडिकल कॉलेजों में 1290 पद खाली होने का दावा**

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# दिग्विजय महाविद्यालय के गौरव बने उज्ज्वल कसेर, पत्रकारिता परीक्षा में हासिल किया प्रथम स्थान

## पत्रकारिता विभाग में उज्ज्वल कसेर का कीर्तिमान: 85 प्रतिशत अंकों के साथ बने जिले के 'गोल्डन' छात्र

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने एक बार फिर जिले में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में विभाग के छात्र उज्ज्वल कसेर ने जिले भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 85त्न अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि दिग्विजय महाविद्यालय जिले का एकमात्र ऐसा संस्थान है जहाँ पत्रकारिता का पाठ्यक्रम संचालित होता है, और यहाँ के विद्यार्थियों ने सदैव शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। उज्ज्वल की इस सफलता के साथ ही उर्वशी साहू (83प्रतिशत) और काजल चंद्राकर (82 प्रतिशत) ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विभाग की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयां दी हैं। अपनी इस विशिष्ट उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल कसेर ने विभाग की अध्यक्ष डॉ बी.एन.जागृत व प्राध्यापकों—अमितेश सोनकर, रेशमी साहू और विभा सिंह—के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया और अपनी सफलता का पूरा श्रेय उनके कुशल मार्गदर्शन व प्रेरणादायी शिक्षण को दिया।



# राधा नाम संकीर्तन मंडल का भजन श्री सत्यनारायण मंदिर में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पंचम मूल जगतगुरु कृपालु जी महाराज के परम भक्त दिनेश अग्रवाल ( बजीना वाले ) एवं मित्रों द्वारा श्रीराधा नाम संकीर्तन मंडल का गठन कर विभिन्न मंदिरों एवं आवासों में भजन संध्या आयोजित की जा रही है । इसी कड़ी में 26 फरवरी गुरुवार को शाम 06 बजे से श्री सत्यनारायण मंदिर में श्री राधा नाम संकीर्तन किया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति ने श्रद्धालु मक्त माता , बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि इस सत्संग में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।



# युवाओं की तरक्की, उन्नति और उनके आत्मविश्वास का बजट : आलोक श्रोती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा आज सदन में पेश किये गए 2026-27 के बजट संकल्प को लेकर पार्षद एवं शिक्षा विभाग के चेयरमैन आलोक श्रोती ने इसे प्रदेश के विकास को बल देने वाला युवाओं का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल प्रदेश की तरक्की और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा बल्कि युवाओं के लिए भी इस बजट में कई प्रावधान किए गए हैं । जिससे इसका सीधा लाभ युवाओं की शिक्षा, उनकी नौकरी और उनकी आत्मनिर्भरता का मार्ग तय करेगा । भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि यह बजट युवाओं के लिए भी खास है। इस बजट में शिक्षा के लिए राज्य के विश्वविद्यालयों को 731 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाएगा जिससे व्यवसायिक परीक्षा मण्डल की क्षमता वृद्धि एवं विस्तार होगा, वहीं 100 करोड़ रुपये स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना के लिए, आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों का अधोसंरचना उन्नयन के लिए 50 करोड रुपये, नवीन सीजी आईटी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित कवर्धा, रायगढ़, जशपुर एवं जगदलपुर में स्थापना के लिए 38 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं सीजी एसीई प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु 33 करोड़ रूपये सहयता और 35 करोड़ रुपये 36 आईएनसी सीजी इनोवेशन सेंटर एवं एसटीपीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए प्रावधान किया गया है। पार्षद शिक्षा विभाग के चेयरमैन आलोक श्रोती ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए भी बजट में प्रावधान किए गए हैं ताकि युवाओं को बेहतर शिक्षा के साथ अच्छी सुविधा भी मिल सके । उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने बजट में 25 महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये, 25 करोड़ रूपये रायपुर में मेगा परीक्षा केंद्र के लिए, 20 करोड़ रुपये ट्रिपलआईटी में अधोसंरचना विकास के लिए और दुर्ग, जशपुर, रायपुर, बलौदाबाजार एवं रायगढ़ स्थित 5 सरकारी महाविद्यालयों में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com